तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 26 जुलाई 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



11 ठेका श्रमिकों ने साइलो में रोकी कोल रेक एनटीपीसी में सात घंटे कोयला आपूर्ति बाधित





2011 से संचालित

शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई

B.Sc. NURSING & M.Sc. NURSING

प्रवेश के लिए संपर्क करें

मो.: 83193 47482 81030 45003

Website : ssscn.ac.in


# मानदेय शिक्षक भर्ती पर कार्यवाही शुरू, स्कूलों की सुधरेगी शिक्षा व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

पिछले एक पखवाड़े से जिले के ग्रामीण अंचलों के स्कूलों के लिए चल रही मानदेय शिक्षक के लिए 24 जुलाई तक आवेदन जमा होने के बाद शुक्रवार से चयन की प्रक्रिया को लेकर कार्यवाही शुरु हो गई है। इनकी पदस्थापना से शिक्षकों की कमी झेल रहे स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था सुधरेगी।

जिले में मानदेय शिक्षक के 481 पदों पर भर्ती प्रक्रिया की शुरुआत 8 जुलाई से हुई थी जिनके आवेदन जमा करने की तिथि जिला प्रशासन के द्वारा ग्रामीण अंचलों के शिक्षित बेरोजगारों को भर्ती में अवसर देने के उद्देश्य से दो बार आवदेन जमा करने की तिथि भी बढ़ाई गई। 24 जुलाई आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि तय की गई थी। गुरुवार को आवेदन जमा होने के बाद शुक्रवार को सभी स्कूलों के शाला विकास प्रबंधन समिति की बैठक में आवेदन में योग्य अभ्यर्थियों के चयन की प्रक्रिया शुरु की गई है। जिला प्रशासन के द्वारा शाला विकास प्रबंधन समिति को चयन का अधिकार दिए जाने एवं गांव के ही शिक्षित बेरोजगारों को संबंधित योग्यता होने के कारण पहली प्राथमिकता दिए जाने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं बीते वर्ष मानदेय शिक्षक के पदों पर काम करने वालों को भी अनुभव के आधार पर प्राथमिकता दी जा रही है। किंतु बीते वर्ष स्कूलों में पढ़ाने वाले मानदेय शिक्षकों ने जिले के सभी स्कूलों में जाकर आवेदन जमा किए हैं। इससे चयन की प्रक्रिया के दौरान तकनीकी दिक्कतों का सामना स्कूल के शिक्षक एवं प्रबंधन समितियों को करना पड़ रहा है।

## शाला विकास प्रबंधन समिति को चयन का दिया गया है अधिकार

### खास बातें

- 24 जुलाई तक ग्रामीण अंचलों के स्कूलों में जमा हुए हैं आवेदन
- बीईओ कार्यालय में भेजी गई जानकारी




### एक पद के लिए 50 से अधिक आवेदन

भर्ती को लेकर शिक्षित बेरोजगारों की भीड़ स्कूलों में ऐसी उमड़ी है कि प्रायमरी स्कूल से लेकर मिडिल स्कूल में रिक्त एक पद के लिए 50 से अधिक आवेदन पहुंच गये हैं। इनमें गांव के शिक्षित बेरोजगारों के अलावा ब्लॉक मुख्यालय के अभ्यर्थियों ने अपने अपने आवेदन जमा किये हैं। कुछ स्कूल ऐसे हैं जहां दूसरे ब्लॉक के अभ्यर्थियों ने आवेदन जमा किये। इनमें पिछले वर्ष स्कूलों में पढ़ाने वाले मानदेय शिक्षकों की संख्या ज्यादा है। अनुभव के आधार पर बीते वर्ष के मानदेय शिक्षकों का ही फिर से चयन किए जाने की संभावना ज्यादा बलवती हो गई है। इस बात को विकासखंड के शिक्षा अधिकारियों ने भी स्वीकारा है।

## खबर संक्षेप

### आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा आज

**कोरबा।** छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा 27 जुलाई को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक 27 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जायेगी। जिसमें कुल आठ हजार 745 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षार्थियों के लिये निर्देश जारी किया गया है कि परीक्षा प्रातः 11 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व 10.30 बजे बंद कर दिया जायेगा। परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचेंगें ताकि सभी अभ्यर्थिओं का मेटल डिटेक्टर तथा फ्रिस्किंग जांच किया जा सके। परीक्षार्थी को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनना होगा। फूट बियर के रूप में चप्पल पहनेंगे। परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा अभ्यर्थिता समाप्त की जायेगी। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थियों को अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरना होगा। भारत इलेक्ट्रानिक लिमिटेड द्वारा सभी केन्द्रों में जैमर लगाया गया है।

### प्री. इंजीनियरिंग की प्रवेश परीक्षाओं के लिए आवेदन

**कोरबा।** वर्ष 2025-26 में प्री. इंजीनियरिंग व प्री. मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की कोचिंग करने के लिए 11 अगस्त शाम 4 बजे तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन करने हेतु विभागीय वेबसाइट पर जाकर आवेदन पत्र तथा आवेदन से संबंधित जानकारी प्राप्त किया जा सकता है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के 12वीं उत्तीर्ण ऐसे अभ्यथी जो ड्राप लेकर इन प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करने के इच्छुक हैं वे निर्धारित तिथि तक सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा कार्यालय में कार्यालयीन समय में आवेदन कर सकते हैं। कोचिंग हेतु सौ अभ्यर्थी चयनित होंगे जिनमें 64 अनुसूचित जनजाति वर्ग तथा 36 अनुसूचित जाति वर्ग के छात्र शामिल होंगे।

### सप्तदेव मंदिर में मां राणीसती दादी का संगीतमय मंगलपाठ

**कोरबा।** श्री सप्तदेव मंदिर में माँ श्री राणीसती दादी का संगीतमय मंगलपाठ आयोजन शाम 4 बजे से रात्रि 7 बजे तक आयोजित की गई। कार्यक्रम में भजन गायिका मोनिका अग्रवाल एंड पार्टी ने वातावरण को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। श्री राणीसती चरित मानस एवं अन्य भजनों की प्रस्तुतियाँ इतनी प्रभावशाली रहीं कि सैकड़ों श्रद्धालु भक्तिभाव में डूबकर मंत्रमुग्ध हो उठे। कार्यक्रम के अंत में भगवान को भोग अर्पित कर भव्य आरती की गई। मंदिर प्रबंधन ने जानकारी दी कि गई, जिनमें प्रमुख रूप से 15 अगस्त को होने वाली लडडू गोपाल सजाओ प्रतियोगिता, 16 अगस्त को दू होने वाली श्रीकृष्ण बनो प्रतियोगिता एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, 22 अगस्त को मेंहदी, पगधोई एवं ज्वारा उत्सव एवं 23 अगस्त को श्री भादी अमावस्या उत्सव के बारे में जानकारी दी गई इस अवसर पर ट्रस्ट परिवार एवं श्री सप्तदेव मंदिर महिला मंडल से राजा मोदी, अमरनाथ अग्रवाल, जगदीश प्रसाद अग्रवाल, भगवती प्रसाद गोयनका, बनमाली शर्मा, श्रीमती विद्या अग्रवाल, प्रेमा अग्रवाल इत्यादि उपस्थित थे।

## हुंकरा नाला उफान पर, सड़क के ऊपर से बह रहा पानी

# मूसलाधार बारिश से नदी- नाले उफान पर, दर्जनों गांव का टूटा संपर्क

### बारिश से ग्रामीण क्षेत्रों में जनजीवन अस्तव्यस्त, आवागमन बाधित



उफान पर हुंकरा नाला।



सड़क पार करता ट्रेक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में गुरुवार रात से लगातार हो रही मूसलधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। शहर से लेकर सुदूर ग्रामीण अंचलों तक पानी ही पानी नजर आ रहा है। कई इलाकों में जलभराव और नदी-नालों में उफान की स्थिति बनी हुई है। जिसकी वजह से कई क्षेत्रों का जिले से संपर्क टूट गया है। कोरबा रेवेन्यू सबडिवीजन के अंतर्गत आने वाले कुदमुरा क्षेत्र में स्थिति और भी गंभीर हो गई है।

ग्रामीण क्षेत्र में बहने वाला हुंकरा नाला शुक्रवार सुबह भारी बारिश के चलते ओवरफ्लो हो गया। बारिश के पानी की रफ्तार इतनी तेज रही कि नाला उफान पर आ गया और सडक़ों के ऊपर से बहने लगा। स्थानीय लोगों के अनुसार, नाले में पानी की ऊंचाई लगभग 5 फीट तक पहुंच गई है, जिससे आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया है। हुंकरा नाला के ऊपर से तेज बहाव के कारण कुदमुरा और बरपाली से सटे करीब 12 गांवों का संपर्क पूरी तरह कट गया है। इन गांवों में आवागमन का एकमात्र रास्ता हुंकरा नाला पार करके ही संभव था, लेकिन नाले की भयावह स्थिति ने ग्रामीणों को घरों में कैद कर दिया है। प्रभावित गांवों में प्रमुख रूप से कुदमुरा, बरपाली, डोंडरा, जामपानी, खैरझिटी, कर्राबेड़ा, मुड़ापार, बम्हनी, बेलतरा, जरेली, कुम्हारी व गोविंदपुर का नाम सामने आया है। इन गांवों के लोग आवश्यक सामग्री के लिए भी बाहर नहीं निकल पा रहे हैं, जिससे संकट की स्थिति बनती जा रही है। गांवों में सावन और भादों के इस बारिश के मौसम को लेकर लोग बेहद चिंतित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अभी तो मौसम की शुरुआत है और नाले की यह स्थिति है, आगे क्या होगा यह सोचकर ही डर लग रहा है। यदि प्रशासन ने समय रहते वैकल्पिक मार्ग या पुल निर्माण की व्यवस्था नहीं की तो भविष्य में बड़ी जनहानि से इनकार नहीं किया जा सकता। सूत्रों की मानें तो राजस्व विभाग और आपदा प्रबंधन की टीम को अलर्ट मोड में रखा गया है। फिलहाल, क्षेत्रीय प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है और जलस्तर के कम होने का इंतजार कर रहा है, ताकि आवश्यकतानुसार राहत और सहायता पहुंचाई जा सके।

### घिनारा नाला का बढ़ा जलस्तर, लीलागर नदी उफान पर

दूसरी ओर घिनारा नाला का जलस्तर बढ़ाने से आधा दर्जन से अधिक गांवों की आवाजाही बंद हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के दिनों में यह नाला हमेशा भर जाता है। इससे आने-जाने वाले लोगों को परेशानी होती है। आपात स्थिति में लोगों को कई किलोमीटर घूमकर जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने नाले के किनारे सुरक्षा के इंतजाम करने और पुल बनाने की मांग की है। तेज बारिश से हरदीबाजार के सुवाभोंडी-रेंकी और हरदीबाजार से-नेवसा, उतरदा मार्ग पूरी तरह बंद है। ऐसे में लोग सराई, सिंगार, डिंडोलभांठा मार्ग से 5 किलो मीटर चलकर जाने को मजबूर हैं।



### हसदेव दर्री बराज के खोले गए दो गेट, 16 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया नदी में



पिछले 24 घंटे से जिले में झमाझम हो रही बारिश के चलते नदी नाले उफान में हैं और नदी नालों में लगातार पानी आने की वजह से हसदेव दर्री बराज का जलस्तर भी बहुत तेजी से बढ़ता चला गया और अलसुबह से ही दर्री बराज के दो गेट खोल दिए गए। जिससे 16 हजार 325 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में प्रवाहित किया जा रहा था। जिसके चलते निचली बस्तियों में भी जलजला आ गया था। गुरुवार की रात से लगातार हो रही बारिश की वजह से तान नदी में बहुत तेजी से पानी आया। साथ ही हसदेव दर्री बराज की अन्य सहायक नदियों में भी लगातार पानी आने की वजह से सुबह लगभग 5:30 बजे बैराज का जलस्तर बढ़ गया फलस्वरुप दो गेट क्रमशः 7 नंबर और 4 नंबर को खोला गया शुरुआती दौर में दोनों गेट की हाइट को कम खोला गया था और लगभग 10 हजार क्यूसेक पानी हसदेव नदी में डिस्चार्ज किया जा रहा था लेकिन इसके बाद भी बैराज में पानी का स्तर लगातार बढ़ता रहा जिसके बाद देर शाम को दोनों गेट की हाइट को बढ़ाकर गेट नंबर 7 को 8 फीट और गेट नंबर 4 को 4 फीट खोला है। दोनों गेट से 16 हजार 325 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में प्रवाहित किया जा रहा है। उधर मिनीमाता बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में भी हो रही भारी बारिश की वजह से बांध के जलस्तर में भी वृद्धि दर्ज की गई है। वर्तमान में बांगो बांध का जलस्तर डेढ़ मीटर और भर गया है। शुक्रवार की देर शाम को बांगो बांध की कुल जल भराव 353.300 मीटर जा पहुंचा है जो कुल जलभराव का 65 फ़ीसदी पानी है।

### बारिश से धंसी सड़क, आवागमन बाधित

लगातार हो रही मूसलाधार बारिश की वजह से कुसमुंडा से दीपका मार्ग में कुचैना के समीप सड़क का हिस्सा चार फीट नीचे जमीन में धंस गया। पुल के निकट भारी बारिश की वजह से सडक़ के काफी हिस्से के धंसने व बहने के कारण इस मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया है। कोरबा से दीपका जाने के लिए दूसरे मार्ग का इस्तेमाल करना पड़ रहा है। इस सडक़ की दशा पहले से ही दयनीय थी, गुरूवार की रात भर हुई बारिश ने और भी हालात खराब कर दिए। अब लोगों विशेषकर चारपहिया वाहन चालकों को घूमकर जाना पड़ रहा है।



# स्कूल बैग में शराब भरकर हो रही थी तस्करी, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



शराब की तस्करी करने वाले तस्कर इतने शातिर हो चुके हैं कि क्षेत्र में शराब खपाने के लिए बाकायदा स्कूल बैग में शराब भरकर खपाने का गोरखधंधा कर रहे थे। जब पुलिस को इसकी भनक लगी तो पुलिस ने शराब की तस्करी करने वाले तस्कर को रंगेहाथों धरदबोचा है और स्कूल बैग में रखे बड़े पैमाने पर शराब की खेप जप्त की गई है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर जिले में आबकारी विभाग के खिलाफ विशेष मुहीम चलाई जा रही है।

इस बीच उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी को मुखबीर से सूचना मिली थी कि एक युवक बरपाली से सण्डेल की ओर प्लसर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 12 बीक्यू 3174 में अवैध शराब लेकर जा रहा है। बाइक चालक को ग्राम ढनढनी के पास घेरा बंदी कर पकडा गया जिसके पास नीले रंग के बैग में देशी पाव प्लेन शराब शोले 28 नग एवं अंग्रेजी पाव जम्मू 5 नग कुल 5.940 लीटर शराब जप्त किया गया तथा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है तथा आरोपी से प्लसर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 12 बीक्यू 3174 को जप्त कर लिया गया है। कार्यवाही में थाना प्रभारी राजेश तिवारी, प्र.आर. रामू कुर्मी, आरक्षक प्रेमचंद साहु, आरक्षक उमेश मैसना की सराहनीय भूमिका रही।

### भारतीय रेडक्रास सोसायटी की प्रबंध समिति की बैठक

**कोरबा।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी की प्रबंध समिति की बैठक का अयोजन कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोरबा के सभा कक्ष में किया गया। इस बैठक में रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन तथा अन्य सदस्य उपस्थित थे। बैठक के दौरान सीएमएचओ तथा रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्यों द्वारा रेडक्रास सोसायटी के आय-व्यय पर चर्चा किया साथ ही रेडक्रास दवाई दुकान का मासिक अंशदान, दुकान का अनुबंध, दवाईयों पर डिस्काउंट तथा बिजली बिल संचालक को भुगतान करने संबंधी विषय पर चर्चा किया गया।

# दोस्तों के साथ घूमने गया युवक नदी में बहा तो वृद्ध की डूबने से मौत



डूबने से हुई वृद्ध की मौत।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में हो रही झमाझम बारिश की वजह से जहां एक युवक नदी के तेज बहाव में बह गया तो एक 60 वर्षीय वृद्ध को मिर्गी का दौरा पड़ने से वह पानी में गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई है।

उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम सुखरीखुर्द निवासी 32 वर्षीय राजेश नामक युवक अपने दोस्तों के साथ गांव के समीप स्थित सोन नदी में गया हुआ था। इस बीच बीती रात को क्षेत्र में हुई झमाझम बारिश की वजह से सोन नदी का जलस्तर पहले से ही काफी बढ़ा हुआ था और रात को बारिश की वजह से पानी का बहाव और तेज हो गया और राजेश पानी के तेज बहाव में बह गया। परिजन और ग्रामीण उसकी तलाश में जुटे रहे। उरगा पुलिस को सूचना दी गई है और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा था। इस तरह दूसरी घटना कटघोरा थाना अंतर्गत जटगा चौकी मोहल्ला हाथीडेरा निवासी भुवनेश्वर प्रसाद साहू उम्र लगभग 60 वर्ष की पानी में डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक को मिर्गी की बीमारी थी और बीती रात 10 बजे के आसपास अपने घर से निकला था। सुबह जब लोगों ने देखा कि वह घर से कुछ दूर रास्ते में एक छोटे से गड्ढे में मुंह के बल पानी में डूबा हुआ पड़ा था तो उन्होंने इसकी सूचना मृतक के घरवालों को दी। इसके बाद जटगा चौकी प्रभारी चंद्रपाल खांड़े और सुपेत सिंह मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए पोड़ी उपरोड़ा भेज दिया। पुलिस ने बताया कि मृतक के शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं थे लेकिन मिर्गी का दौरा पड़ने से संभवतः वह पानी में डूब गया होगा। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## कोल माइंस प्रोविडेंट फंड आर्गेनाइजेशन ने रिश्वत रोकने उठाया कदम

# पीएफ और पेंशन संबंधी दावों के निपटारे के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




पीएफ और पेंशन संबंधी दावों के निपटारे के लिए अगर कोई रिश्वत की मांग करता है या फिर अन्य कोई गड़बड़ी करता है तो इसकी शिकायत के लिए सीएमपीएफओ की ओर से जारी हेल्पलाइन नंबर 92110 53010 जारी किया गया है। इस हेल्पलाइन नंबर जारी करने का मुख्य उद्देश्य पीएफ और पेंशन संबंधी मामलों के निराकरण में पारदर्शिता लाना है।

कोल इंडिया और इसके अनुषांगिक कंपनियों के पेंशनर्स और पीएफ मेंबर्स की सहूलियत के लिए कोल माइंस प्रोविडेंट फंड ऑर्गेनाइजेशन (सीएमपीएफओ) ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। अगर कोई पीएफ और पेंशन भुगतान के दावों के लिए किसी भी तरह से रिश्वत की मांग करता है, किसी भी तरह की गड़बड़ी और भ्रष्टाचार करता है तो संबंधित सीएमपीएफओ से जारी उक्त हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शिकायत मिलने पर संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों की ओर से तत्काल इसका निपटारा किया जाएगा। कोयला कर्मचारियों के पेंशन और पीएफ दावों के निराकरण में अक्सर गडबडियां और भ्रष्टाचार से जुड़ी शिकायतें कोयला कर्मचारियों व पेंशनर्स के बीच चर्चा का विषय रहता है। कई बार पेंशनर्स और पीएफ मेंबर्स को इसके कारण खासी परेशानियों का सामना करना पडता है। लंबे समय तक दावों का निपटारा नहीं हो पाता है। लेकिन अब पेंशनर्स और पीएफ सदस्यों को इस तरह की समस्याओं से छुटकारा दिलाने के लिए कोल माइंस प्रोविडेंट फंड आर्गेनाइजेशन (सीएमपीएफओ) ने शिकायत के लिए एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। इसमें पीएफ और पेंशन दावों के निपटारे से जुड़े मामलों में किसी भी तरह की गडबडी, भ्रष्टाचार या रिश्वतखोरी की शिकायत इस हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से संबंधित लोग कर सकेंगे। सीएमपीएफओ ने हाल ही में पेंशन और पीएफ दावों के भुगतान की सहुलियत, पीएफ व पेंशन की रियल टाइम जानकारी के लिए सी-केयर एप लॉच किया था। इसी कड़ी में अब भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी पर लगाम कसने के लिए पीएफ मेंबर व पेंशनर्स के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। सीएमपीएफओ के क्षेत्रीय आयुक्त (शिकायत विभाग) एन.के. मिश्रा की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि पेंशन या पीएफ दावे के मामलों में अगर किसी भी तरह से रिश्वतखोरी या भ्रष्टाचार की शिकायत उक्त हेल्पलाइन नंबर पर प्राप्त होती है, तो संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को उस दावे का जल्द से जल्द निपटारा करना अनिवार्य होगा।

## खबर संक्षेप

### दो पक्षों में मारपीट एक ने लिखाई रिपोर्ट

**बिलासपुर।** गाली गलौज करते हुए राड से मारपीट करने वालों के खिलाफ कोनी थाने में अपराध दर्ज किया गया है। घटना पौंसरा की है। पुलिस के अनुसार पौंसरा निवासी छोटे लाल करने पिता झुमुक लाल करने ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 24 जुलाई की रात उसके बेटे गौरव के साथ गांव में रहने वाले राजाराम, राजेन्द्र और अन्य लोगों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की है। इस दौरान बीच बचाव में पहुंचने पर आरोपियों ने प्रार्थी और उसके भतीजे दिलेश डोंगरे, अमन के साथ ही गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर डंडा, राड के साथ मारपीट किया है। मारपीट के कारण दिलेश डोंगरे के सिर और छाती और अमन के माथे में चोट के निशान है। पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### बाइक चोरी, आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

**बिलासपुर।** घर में रखी बाइक को चोरी करने वाले आरोपी के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपी व बाइक मालिक एक दूसरे को पहचानते है। मामला सरकंडा थाना क्षेत्र के गीतांजली सिटी फेस 2 का है। पुलिस के अनुसार गीतांजली सिटी फेस 2 में रहने वाले अविनाश दुबे पिता राजेश दुबे प्राइवेट नौकरी करते है। उन्होंने पुलिस को बताया कि ग्राम डोंगिया सलौनी जिला शक्ति निवासी मजदूर तेजदास महंत का उससे जान पहचान थी।अविनाश ने 10 दिसंबर 2024 को अपनी बाइक क्रमांक सीजी 10 डब्ल्यू 8569 को खड़ी किया था, इस दौरान उसकी चाबी बाइक में लगी थी। आरोपी तेज दास महंत ने अविनाश को बिना बताए ही बाइक पार कर दी। इस दौरान 6 माह से बाइक की पतासाजी की जा रही थी, प्रार्थी ने आरोपी के खिलाफ चोरी की रिपार्ट दर्ज कराई है।

### दैहिक शोषण का आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** मंगला क्षेत्र की एक महिला का 2 साल तक दैहिक शोषण करने वाले आरोपी को सिविल लाइन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 45 वर्षीय महिला ने सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि मंगला का रहने वाले आदर्श विश्वकर्मा उम्र 36 वर्षीय की जान पहचान पिछले दो सालों से है। आरोपी ने महिला को अपने जाल में फंसाकर शादी की नियत से दैहिक शोषण करता रह, वह उसके घर भी आता रहा है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को लेकर शिकायत के बाद जांच शुरू की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### बदमाशों ने डिलीवरी बॉय को पीटा, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** स्विगी कंपनी के डिलीवरी बॉय के साथ राजकिशोर नगर के कुछ शरारती युवकों ने पहले तो हुज्जतबाजी की और मना करने पर पिटाई कर दी। युवक ने अज्ञात शरारती युवकों के खिलाफ सरकंडा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। करबला कुम्हारपारा निवासी विजय मोटवानी पिता रेहन्दामल मोटवानी स्विगी कंपनी का डिलीवरी राइडर है। गुरूवार की रात 11 बजे वह खाने का आर्डर लेकर राजकिशोर नगर गया था, इस दौरान ऊर्जा पार्क मोड के पास वह मोबाइल पर बात कर कस्टमर का लोकेशन पता कर रहा था। इस दौरान एक सफेद स्कूटी में 3 युवक पीछे से आए और युवक से हुज्जतबाजी करना शुरू कर दिया। युवक के साथ गाली गलौज करते हुए डंडे से मारपीट की गई। जिससे युवक गंभीर चोटें आई है।



सिरगिट्टी नगपुरा सड़क बंद, गोकने नाला उफान पर, लोगों का आना-जाना बंद हुआ।

# 8 सेमी. बारिश, कई इलाके डूबे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कम दबाव का क्षेत्र बना होने के कारण जिले में भारी बारिश का सिलसिला शुक्रवार को भी जारी रहा। पिछले 24 घंटे में शहर में 8 सेंटीमीटर बारिश हुई, इससे सड़कों से लेकर लोगों के घरों तक पानी भर गया। बारिश के साथ बिजली भी सताती रही। घंटों बिजली बंद होने से लोग हलाकान होते रहे।

■ 12 घंटे में भारी बारिश होने की संभावना

शुक्रवार को हुई बारिश से बंधवापारा, पुराना बस स्टैंड, सरकंडा, तोरवा, श्रीकांत वर्मा मार्ग, व्यापार विहार, हंसा विहार, देवरीखुर्द, राजकिशोर नगर, मोपका, सिरगिटटी, मंगला, उसलापुर आदि क्षेत्रों में सड़क से लेकर बेडरूम तक पानी घुस गया था। परेशान लोग सारा काम छोड़कर पानी निकालते रहे। बारिश के कारण चौबे कालोनी, शिवम होम्स, अरविंद नगर, मगरपारा, मंगला, गीतांजलि सिटी, हंसा विहार, मित्र विहार तोरवा जैसे इलाकों में जलभराव की स्थिति बन रही। इसके साथ ही मिशन अस्पताल रोड, सरकंडा सहित कई इलाके पानी में डूब गए। इसके साथ ही टेलीफोन एक्सचेंज रोड, लिंक रोड, विद्या नगर, तोरवा चौक, तालापारा, व्यापार विहार सहित शहर की कई कॉलोनियां जलमग्न हो गईं।

### सुधर नहीं सकी बिजली व्यवस्था

पिछले दो दिनों में ध्वस्त बिजली व्यवस्था सुधर नहीं सकी है। नेहरू नगर, करबला, अज्ञेय नगर, सदर बाजार, भारतीय नगर,व्यापार विहार ,मोपका ,सकरी, तिफरा जैसे 2 दर्जन से अधिक क्षेत्रों में बिजली बंद की शिकायत रही। इस दौरान बिजली कई बार आती व जाती रही, बारिश के कारण मरम्मत में काफी समय लगा। शहर के मुंगेली नाका,नेहरु नगर,कुदुदंड, दीनदयाल कालोनी ,जरहाभाठा क्षेत्र में लगातार 10 से 12 बार बिजली बंद हो रही थी। इन क्षेत्रों के फीडर, ट्रांसफार्मर का हाल बेहाल रहा इसके चलते बिजली बंद होती रही, वहीं कई वार्डो के पानी सप्लाई को लेकर दिक्कत मचती रही, मेन सप्लाई चालू होने के बाद भी पंप कनेक्शन में बिजली बंद के कारण फोर्स की कमी देखी गई। जिसके कारण लोगों को पानी की समस्या हो रही है।

### जिले में अब तक 588.6 मि.मी. बारिश दर्ज

बिलासपुर जिले में चालू खरीफ मौसम में अब तक 588.6 मि.मी. बारिश दर्ज की गई है। जो कि पिछले 10 वर्ष के औसत बारिश 450.9 मिमी से 137.7 मिमी अधिक है। अधीक्षक भू अभिलेख के अनुसार सबसे अधिक बारिश 759.2 मिमी बेलगहना तहसील में और सबसे कम बारिश 433.8 मिमी कोटा में रिकार्ड की गई है। इसी प्रकार बिलासपुर तहसील में 713.1 मिमी, बिल्हा तहसील में 553.7 मिमी, मस्तूरी में 600.2 मिमी,तखतपुर में 625.2 मिमी, सीपत में 599.2 मिमी, बोदरी में 529.9 मिमी, बेलतरा में 481 मिमी, रतनपुर में 571.1 मिमी, सकरी में 620 मिमी और पचपेड़ी तहसील में 576.2 मिमी बारिश रिकार्ड की गई है। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1202.3 मिमी है।

### अधिकारी व कर्मचारियों की अघोषित छुट्टी

कलेक्टर कार्यालय के सामने पुरानी कंपोजिट बिल्डिंग में तीन दिन से बिजली बंद थी, जिसके कारण यहां 23 विभागों में काम काज पर सीधे असर पड़ा, पंजीयन कार्यालय में दो दिन से रजिस्ट्री ठप रही, कई लोगों ने पहले से ही पंजीयन का नामांकन किया था, लेकिन रजिस्ट्री नहीं होने के कारण उन्हें मायूस होना पड़ा। बिजली नहीं होने के कारण अधिकारी और कर्मचारियों ने कार्यालय में बैठना उचित नहीं समझा और कार्यालय खाली रहे। खास बात यह है कि अधिकारी और कर्मचारियों की अघोषित छुट्टी जैसा माहौल रहा, हालांकि कार्यालय बंद होने के समय शाम 6 बजे बिजली आई।



बंधवापारा स्कूल प्रांगण में भरा पानी, गेट में लटका ताला।

# स्कूल में भरा पानी, बच्चों की छुट्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दो दिन से सुबह और शाम हो रही बारिश के कारण स्कूलों में पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। शहरी क्षेत्र में ही 20 से अधिक स्कूलों में पानी भर गया और बच्चों की छुट्टी करनी पड़ी। मोपका, सेंदरी, सिरगिट्टी, तिफरा, बंधवापारा के स्कूल तो तालाब से नजर आ रहे हैं। पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण अघोषित छुट्टी का माहौल रहा

■ कीचड़ और पानी के बीच बच्चों की क्लास लगानी पड़ी

लगातार हुई बारिश से शहर के साथ-साथ सिरगिट्टी इलाके के पूर्व माध्यमिक स्कूल सिरगिट्टी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिरगिट्टी में पानी भर गया। साथ ही दो निजी स्कूलों में पानी भरने से कम बच्चे पहुंचे। इन स्कूलों में एडमिशन की प्रक्रिया भी प्रभावित हो रही है। यहां के निवासियों के मुताबिक इस तरह की समस्या कई सालों से है।

### यह रही स्कूलों की हालत

बंधवापारा स्कूल में तो जलभराव हर साल होता है। यहां ऊपर खेतों से पानी आने और उसकी निकासी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण कई हिस्सों में घर के अंदर पानी घुसता है। इस साल भी प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में पानी भर गया।

■ शासकीय प्राथमिक शाला कुटीपारा मोपका में भारी बारिश से स्कूल में पानी भर गया है और बिजली का करंट कई क्लास रूम में दौड़ने की शिकायत की गई है। यहां कक्षा एक से पांचवी तक यहां कुल 125 बच्चे अध्ययनरत हैं।

■ शासकीय प्राथमिक शाला तुर्काडीह में पानी भरने के चलते चारों तरफ कीचड़ रहा जिससे आसपास गंदगी फैली रही। बच्चों ने बताया कि बारिश में यहां हर साल परेशानियों का समाना करना पड़ता है।

■ बारिश से तिफरा स्थित शासकीय स्कूल का मैदान तालाब में तब्दील हो गया। स्कूल का छत जर्जर होने के कारण बारिश का पानी क्लास में रूम में टपकने लगा। इससे पूरे क्लास में पानी भर गया। सभी बच्चों की छुट्टी कर दी गई।

■ दो दिन हुई तेज बारिश के कारण सिरगिट्टी के हायर सेकंडरी स्कूल परिसर में पानी भर गया है। इसके चलते अधिकांश शिक्षक और बच्चे स्कूल नहीं पहुंचे। बारिश के कारण 24 घंटे के बाद भी पानी खाली नहीं हुआ है। इसके चलते पढ़ाई ठप पड़ गई।

■सिरगिट्टी के बन्नाक चौक स्थित स्कूल परिसर में भी पानी भर गया। स्कूल भवन पहले से गड्ढे में हैं पानी निकलने के लिए नाली की सुविधा नहीं है। सामने मुख्य सड़क है, जिसकी ऊंचाई बहुत ज्यादा है। सड़क से बहकर पानी स्कूल परिसर में जमा हो जाता है।

### 1100 दर्ज संख्या वाला स्कूल डूबा

शहर के बीच स्थित सिरगिट्टी हायर सेकेंडरी स्कूल पूरी तरह पानी में डूब गया है। तालाब बने इस स्कूल में बच्चों की छुट्टी कर दी गई है, क्योंकि क्लासरूम और स्टाफ रूम सभी पानी से भरे हुए हैं। टेबल कुर्सी से लेकर क्लास में रखे सामान तक भीग गए हैं। इस स्कूल में नगपुरा, कोरमी, कीर्ति नगर, परसदा, बन्नाकडीह, बसिया, मन्नाडोल, तारबहार, झोपड़ापारा और रेलवे परिक्षेत्र के 1100 बच्चे पढ़ने पहुंचते हैं। स्कूल में स्कूल 9 कमरे हैं जो कि कम हैं। 6 कमरों की और जरूरत है।

■ जिले के मस्तूरी ब्लाक के ग्राम गोड़ाडीह के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में बच्चे जान को जोखीम में डालकर पढ़ाई कर रहे हैं। भारी बारिश के कारण स्कूल में चारों तरफ पानी ही पानी है और स्कूल टापू में तब्दील हो गया है।

### ग्रामीण क्षेत्र भगवान भरोसे

जहां शहर का हाल बेहाल है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था भगवान भरोसे ही है। सकरी , हाफा, बहतराई, कोनी, सेंदरी, सिलपहरी सहित अन्य जगहों पर गुरुवार की रात से 10 घंटा से अधिक देर तक बिजली बंद रही, वहीं शुक्रवार को भी दिनभर बिजली की आंख मिचौली रही।

### की जा रही है व्यवस्था

स्कूलों का दौरा कर व्यवस्था की जा रही है। नगोई प्राथमिक और मिडिल के साथ बेलसरी प्राथमिक और मिडिल स्कूल में अधिक परेशानी हुई।

-विजय तांडे, जिला शिक्षा अधिकारी

# एयू ने हास्टल निर्माण के लिए मांगी जमीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल यूनिवर्सिटी जिला प्रशासन से जमीन की मांग की है। यूनिवर्सिटी को गर्ल्स हास्टल निर्माण के लिए जमीन की आवश्यकता है। यूनिवर्सिटी परिसर से लगे 17 एकड़ शासकीय जमीन है जिसमें से तीन एकड़ जमीन की मांग की गई है। इसके लिए यूनिवर्सिटी ने प्रशासन को प्रस्ताव भी भेज दिया है।

■ सट्रांजिट हास्टल के पीछे तीन एकड़ जमीन का प्रस्ताव भेजा

अटल यूनिवर्सिटी को पहले कोनी-बिरकोना मार्ग पर 67 एकड़ जमीन मिली थी। इसी जमीन में यूनिवर्सिटी का नया कैंपस पांच मंजिला भवन बना है। लेकिन यूनिवर्सिटी को और भी जमीन की आवश्यकता है, जिसके लिए यूनिवर्सिटी लगातार प्रयास कर रही है। यूनिवर्सिटी परिसर से लगे ही 17 एकड़ शासकीय जमीन है, जिसमें से तीन एकड़ जमीन की मांग यूनिवर्सिटी ने जिला प्रशासन से की है। इस जमीन पर यूनिवर्सिटी गर्ल्स हास्टल निर्माण की योजना बनाई है। क्योंकि यूनिवर्सिटी के यूटीडी में संचालित विभिन्न पाठयक्रम में पढ़ने के लिए बाहर-बाहर से स्टूडेंटस एडमिशन लेते हैं। यूनिवर्सिटी से शहर दूर पड़ता है और आवागमन की भी समस्या होती है। इसके चलते बहुत से स्टूडेंटस खासकर छात्राएं एडमिशन लेने से कतराते हैं। इसलिए यूनिवर्सिटी गर्ल्स हास्टल निर्माण कराना चाहती है और इसी के लिए जमीन मांगी गई है। यूनिवर्सिटी को यह उम्मीद भी है कि यह तीन एकड़ जमीन उसे मिल जाएगी।

### ट्रांजिट हास्टल के पीछे वाली जमीन

अटल यूनिवर्सिटी के कोनी-बिरकोना मार्ग स्थित परिसर में लोक निर्माण विभाग द्वारा 52 कमरों का ट्रांजिट हास्टल बनवाया गया है। इस भवन का निर्माण अधिकारियों और कर्मचारियों के अस्थाई आवास के लिए कराया गया है। यूनिवर्सिटी की ओर से इस ट्रांजिट हास्टल की भी मांग की गई थी, जिसमें से 10 कमरे यूनिवर्सिटी को देने की सहमति बनी है। लेकिन यूनिवर्सिटी को अभी तक कमरे नहीं मिले हैं।

### की गई है जमीन की मांग

अटल यूनिवर्सिटी को और जमीन की आवश्यकता है। यूनिवर्सिटी द्वारा प्रशासन से जमीन की मांग रखी गई है और परिसर से लगे हुए शासकीय जमीन में से तीन एकड़ जमीन गर्ल्स हास्टल के लिए मांगा गया है, जिसकी प्रक्रिया चल रही है।

-शैलेन्द्र दुबे
रजिस्ट्रार, एयू

# जल जीवन मिशन के सौ ठेकेदारों पर चला अनुशासन का डंडा

**बिलासपुर।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल जल योजना में काम कर रहे जिले के सौ ठेकेदारों पर शासन ने अनुशासन का डंडा चला दिया है। शासन ने योजना के अंतर्गत प्रत्येक हितग्राही के घरों तक पानी पहुंचाने की स्थिति में ही ठेकेदारों को शत प्रतिशत भुगतान करने के निर्देश दिए हैं। इसके विपरीत घरों में पानी नहीं पहुंचने की दशा में संबंधित ठेकेदार का सीधे 30 प्रतिशत भुगतान रोकने की भी बात कही गई है।

■ पूरा काम नहीं करने वालों का सीधे 30 प्रतिशत भुगतान रोकने की तैयारी

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल जल योजना का काम कर रहे ठेकेदारों की शासन ने मुश्किलें बढ़ा दी हैं। शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार इस योजना के अंतर्गत जारी शर्तों के अंतर्गत प्रत्येक शर्त पूर्ण करने की दशा में ही ठेकेदारों को भुगतान किया जाएगा। अन्यथा की स्थिति में उनका भुगतान 70 प्रतिशत पर ही रोक दिया जाएगा। इसका सीधा अर्थ यह हुआ कि अच्छे से अच्छा काम करने के बाद



भी यदि एक शर्त को भी पूरा नहीं किया गया तो भुगतान में सीधे 30 प्रतिशत की कटौती कर दी जाएगी।

योजना की शर्तों में हितग्राही के घरों तक न केवल नल कनेक्शन पहुंचाना, बल्कि पानी की उपलब्धता भी सुनिश्चित करना है। इसी तरह पाईप लाईन बिछाने के दौरान जिन सड़कों की खुदाई की गई है, उन्हें पहले की ही तरह बनाकर देना भी शामिल है। इसी तरह अन्य शर्तें भी रखीं गईं हैं, जिनकी पूर्ति नहीं हो पाने की स्थिति में ठेकेदारों को भुगतान में लंबा नुकसान उठाना पड़ सकता है। यह योजना वर्ष 2019-20 में प्रारंभ की गई थी, जिसके अंतर्गत अब तक भुगतान को लेकर कोई शर्त नहीं थी।

### प्रगति दिखाने पर होगा भुगतान

सीधे शब्दों में कहा जाए तो प्रत्येक हितग्राही के घरों में नल से पानी निकलने की शर्त पर ही संबंधित ठेकेदार का पूरा भुगतान किया जाएगा। बीते वर्षों तक भुगतान के लिए ऐसी कोई शर्त नहीं थी, लेकिन शासन द्वारा योजना की शत प्रतिशत सफलता को ध्यान में रखते हुए वर्तमान वित्तीय वर्ष से इस व्यवस्था को अमल में लाया गया है। आज की स्थिति में जिले में केवल 12 ठेकेदार ऐसे हैं, जो 70 प्रतिशत से अधिक भुगतान प्राप्त करने की श्रेणी में शामिल हैं। शासन की अपेक्षानुसार काम नहीं करने वाले ठेकेदारों को किसी भी सूरत में भुगतान नहीं किया जाएगा। यही कारण है कि मार्च महीने से योजना के अंतर्गत शासन से राशि की मांग भी नहीं की गई है। ठेकेदार पहले कार्य की अपेक्षित प्रगति दिखाएं तभी भुगतान हो सकेगा।

-हर्ष कवीर, ईई पीएचई

**एक लाख 95 हजार का लगाया जुर्माना**

# शिव टाकिज, पीवीआर व सिटी 36 सिनेमास पर पेनाल्टी

**बिलासपुर।** अवैध बैनर और होर्डिंग लगाने पर नगर निगम ने संचालक, शिव टॉकिज, संचालक, पी.वी.आर. रामा मेग्नेटो मॉल और संचालक, सिटी 36 सिनेमास पर 1,95,000 (एक लाख पन्चान्बे हजार) की पेनाल्टी लगाई है। 24 घण्टे में पेनाल्टी नहीं पटाने पर संस्थान को सील करने की चेतावनी दी गई है।

■ वैध होर्डिंग्स, विज्ञापन बोर्ड, फलैक्स बैनर लगाकर फिल्म का प्रमोशन

संचालक, शिव टॉकिज, संचालक, पी.वी.आर. रामा मेग्नेटो मॉल और संचालक, सिटी 36 सिनेमास द्वारा शासकीय संपत्तियों में बिना नगर निगम के अनुमति के 39 नग अवैध होर्डिंग्स, विज्ञापन बोर्ड, फलैक्स बैनर लगाकर उक्त टॉकिज में प्रदर्शित होने वाले जित्तू की दुल्हनिया नामक फिल्म का प्रचार-प्रसार कर शासकीय संपत्तियों को विरूपित करते हुए सड़क बाधा उत्पन्न किया गया है। इस पर एक लाख 95 हजार की पेनाल्टी लगाई गई है।

### होर्डिंग्स लगाने के लिए नियम बनाया

ध्यान रहे कि नगर निगम ने होर्डिंग्स लगाने के लिए नियम बनाया है। इसमें अनुमति से लेकर होर्डिंग्स के साइज सहित अन्य मानक तय किए गए हैं। यही वजह है कि होर्डिंग्स लगाने वालों को कागजात जमा करने के लिए कहा गया है। इसके साथ ही प्रमुख सड़कों, चौक-चौराहों, पेड़-पौधों, शासकीय संपत्तियों, डिवाईडर पोल, विद्युत पोल, हाईमास्क पोल, सिग्नल के पोल एवं बॉक्स, बिजली ट्रांसफार्मर, वीएमडी के उपर में किसी भी प्रकार का राजनीतिक, धार्मिक, व्यवसायिक, जन्मदिन संदेश से संबंधित निजी अवैध बैनर, पोस्टर, फ्लैक्स, लकड़ी के बोर्ड , सनपेक बोर्ड, होर्डिंग का किसी भी व्यक्ति या संस्था द्वारा लगाया जाना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है। इसके बाद भी कुछ दुकानदार और संस्था इसका पालन नहीं कर रहे हैं।



# स्थानांतरित प्राचार्य को यथावत रखने की मांग लेकर छात्र कर रहे आंदोलन

**भैयाथान।** पंडित रविशंकर त्रिपाठी महाविद्यालय के छात्र नए प्राचार्य की पदस्थापना को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य रंजीत कुमार सातपुते का स्थानांतरण होने के बाद सीबी मिश्रा को नया प्राचार्य पदस्थ किया गया है। नए प्राचार्य का नाम सुनते ही महाविद्यालय के छात्र विरोध में धरना पर है। तीन वर्ष पूर्व श्री मिश्रा महाविद्यालय के प्राचार्य थे। छात्रों का आरोप है कि इस दौरान शिक्षा का स्तर काफी खराब हो गया था तथा 71 में से 70 छात्र फेल हो गए थे। महाविद्यालय की किरकिरी होने के बाद उच्च शिक्षा विभाग ने उन्हें हटाकर रंजीत कुमार सातपुते को प्राचार्य बनाया था। गुरूवार को महाविद्यालय के छात्रों ने एसडीएम सागर सिंह को प्राचार्य को यथावत करने की मांग लेकर ज्ञापन सौंपा है। छात्रों ने बताया कि श्री मिश्रा के कार्यकाल के दौरान लगातार शिकायतें हो रही थी।

## मगरिहा नाला में बही बच्ची का नहीं चल पाया पता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

अपने तीन माह की दूधमुंही बच्ची को लेकर मगरीहा नाला पार कर रही महिला की गोद से तेज लहरों में जा गिरीमासूम बच्ची का आज नौ दिन गुजरने बाद भी कुछ पता नहीं चल पाया है। दो बार चले रेस्क्यू अभियान के बाद अब रेस्क्यू ऑपरेशन को बंद कर दिया गया है।

■ रोका गया तलाशी अभियान

ग्राम गेतरा निवासी सरिता नामक महिला अपने तीन माह की बच्ची को लेकर बुधवार 17 जुलाई को मगरीहा नाला पार कर रही थी, इस दौरान उफान भरी तेज बहाव लहरों में महिला का पैर अचानक पानी में लड़खड़ाया और फिर उसके गोद में पड़ी तीन माह की बच्ची लहरों में समा गई।घटना की सूचना पर जिला नगर सेना की डीडीआरएफ टीम मौके पर पहुंच पूरे दिन नवजात को खोजने तलाशी अभियान चलाया लेकिन कहीं पता नहीं चलने व अंधेरा हो जाने के बाद तलाशी अभियान रोकना पड़ा, इसके बाद पुनः दूसरे दिवस तलाशी अभियान चला लेकिन फिर भी बच्ची का पता नहीं चल पाया, उक्त तलाशी अभियान में लगी टीम नाला के बहाव स्थल और नदी को जोड़ने वाले स्थान तक पता तलाश की।

# अज्ञात चोरों ने तोड़ा राशन दुकान का ताला, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शासकीय उचित मूल्य की दुकान सोठी में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर राशन का माल पार कर दिया है। चोरो ने 25 बोरी शक्कर की चोरी की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

मामला सीपत थाना क्षेत्र का है। ग्राम सोंठी में अजय कुमार तिवारी पिता स्व गोर्वधन प्रसाद तिवारी की शासकीय उचित मूल्य की दुकान है। 7 जुलाई को उनकी दुकान में 25 बोरी शक्कर आया था, जिसे गोदाम के बगल के कमरे में रखा गया था। श्री तिवारी रोज की तरह शाम 6 बजे दुकान और गोदाम में ताला बंद कर अपने घर ग्राम देवरी चले गए।24 जुलाई की सुबह 11 बजे चौकीदार शेखर प्रजापति ने उन्हें जानकारी दी कि गोदाम के बगल के रूम का ताला टूटा हुआ है। दुकान मालिक ने अंदर जाकर देखा तब 25 बोरी शक्कर अज्ञात चोरो के द्वारा चोरी कर लिया गया था। इस दौरान चोरों ने 3 बोरी धान के बीज को छुआ तक नहीं है। पुलिस ने मामले की शिकातय पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### करंट की चपेट में आने से 14 वर्षीय बच्ची की मौत



कूलर में दौड़ रहे करंट की चपेट में आने से सेमरताल में रहने वाली बच्ची की मौत हो गई है। बच्ची 6वी कक्षा में पढ़ाई कर रही थी। करंट के बाद बच्ची बेहोश हो गई, परिजनों ने उसे इलाज के लिए सिम्स लाया था, लेकिन डाक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया है। घटना कोनी थाना क्षेत्र के सेमरताल की है। शुक्रवार की सुबह बच्ची 14 वर्षीय दीपा घीवर घर थी, इस दौरान वह सुबह 8 बजे कूलर चालू करने प्लग लगा रही थी, अचानक उसके हाथ में करंट दौड़ गया और करंट के झटके से वहीं बेहोश हो गई। परिजनों ने उसे उठाकर सिम्स में लिए रवाना हुए, सुबह 9 बजे सिम्स लाया गया, डाक्टरों ने इमरजेंसी वार्ड में उसे चेक किया लेकिन उस समय तक बच्ची की सांसे थम चुकी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर बच्चे के शव का पीएम कराया है। वहीं परिजनों का बयान लिया गया है। घटना के बाद गांव में मातम पसर चुका है।

## खबर संक्षेप



### बालको नगर में मनाया गया हरेली तिहार

**कोरबा।** भाजपा बालको नगर मंडल द्वारा प्रदेश के प्रथम पारंपरिक पर्व हरेली तिहार का भव्य आयोजन बालको राम मंदिर के सामने प्रांगण में किया गया। लोक परंपरा, खेल और छत्तीसगढ़ी संस्कृति से परिपूर्ण इस आयोजन ने पूरे क्षेत्र को उत्सवमय वातावरण से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में ग्रामीण खेलों और प्रतियोगिताओं को बढ़ावा देते हुए नारियल फेंक, रस्सी खींच, गेड़ी दौड़ सहित कई पारंपरिक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिससे प्रतिभागियों में उत्साह की लहर देखी गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व नेता प्रतिपक्ष, पार्षद तथा एमआईसी सदस्य हितानंद अग्रवाल शामिल हुए। उन्होंने हरेली तिहार को छत्तीसगढ़ की अस्मिता से जुड़ा पर्व बताते हुए इस तरह के आयोजनों की सराहना की।

### रेडी टू ईट प्रकरण की जांच के लिए विधानसभा अध्यक्ष ने लिखा पत्र

**कोरबा।** महिला बाल विकास विभाग के अंतर्गत जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में रेडी टू ईट सप्लाई के लिए महिला समूहों के चयन प्रक्रिया में हुई गड़बड़ियों की जांच के लिए महिला स्व सहायता समूहों द्वारा विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखा गया था, जिसके आधार पर विधानसभा अध्यक्ष ने महिला बाल विकास विभाग के संचालक को पत्र लिखकर जांच के निर्देश देते हुए कार्यवाही करने को कहा है। महिला बाल विकास विभाग द्वारा जिले के 10 परियोजना अंतर्गत आने वाले 2650 आंगनबाड़ी केंद्रों में रेडी टू ईट सप्लाई के लिए मई महीने में आवेदन मंगाए गए थे। जिसमें दावा दापत्ति का निराकरण करते हुए समूहों की चयन सूची जारी की गई थी। जिसमें गड़बड़ियों को लेकर संतोषी महिला स्व सहायता समूह मलगवां एवं जिया महिला स्व सहायता समूह हरदीबाजार के द्वारा विधानसभा अध्यक्ष से मिलकर शिकायत करते हुए जांच की मांग की थी। उक्त पत्र के आधार पर विधानसभा अध्यक्ष ने महिला बाल विकास विभाग के संचालक को पत्र लिखकर रेडी टू ईट परियोजना की अंतिम चयन सूची में शिकायत की जांच उपरांत कार्यवाही के निर्देश दिये हैं।

### आयुक्त ने दर्री जोन के विभिन्न वार्डों का किया दौरा

**कोरबा।** निगम आयुक्त ने दर्री बाजार मुख्य मार्गों में नगर निगम की एक्शन टीम के साथ दुकानों के सामने सड़क व फुटपाथ पर किये गये अवैध कब्जों, अतिक्रमणों आदि पर सघन रूप से कार्यवाही की। वहीं निगम आयुक्त ने आमजनों से अपील करते हुए कहा कि शहर को स्वच्छ, सुंदर व व्यवस्थित बनाने में सभी का सहयोग अपेक्षित है। सड़क, फुटपाथ पर अवैध कब्जा न करें, गंदगी न फैलायें एवं अपने शहर कोरबा को स्वच्छ एवं सुंदर शहर बनाने में अपनी सहभागिता देवें। निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय दर्री जोन अंतर्गत दर्री बाजार मुख्य मार्ग व उसके आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई संबंधी कार्या का अधिकारियों की टीम के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने नगर पालिक निगम कोरबा के दर्री बाजार के मुख्य मार्ग पर गुमटी, ठेला लगाने वाले व्यवसायियों को कड़ी हिदायत देते हुए कहा कि अपने दुकानों, ठेला, गुमटी के सामने पाउच, पन्नी प्लास्टिक,इकट्ठा न होने देवें। भ्रमण के दौरान दो प्रतिष्ठानों द्वारा दुकान के इर्द-गिर्द कचरा फैलाने के कारण उन पर अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया तथा उन्हें समझाईश दी गई कि भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति न हो। दुकानदार अपनी दुकान के सामने डस्टबिन रखें तथा ग्राहकों से कचरे को डस्टबिन में डालने के लिए प्रेरित करें।

### पूर्व सरपंच के बेटे की मिली लाश, हत्या का मामला दर्ज

**जांजगीर-चांपा।** नैला उपथाना क्षेत्र के ग्राम सिवनी के पूर्व सरपंच के बेटे की लाश संदिग्ध हालत में सड़क किनारे मिली है। जिसके बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव देखकर हत्या की आशंका जताई जा रही थी। इस मामले में हत्या का अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस मौके पर पहुंची है और एफएसएल की टीम को सूचना दी गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, युवक गुरूवार को घर से निकला था और आज उसकी लाश मिली है। पीएम रिपोर्ट से मौत के कारण का खुलासा हो सकेगा। आज लोगों ने सड़क किनारे लाश देखी। इसके नैला उपथाना को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो पाया कि युवक के सिर पर चोट के निशान हैं, जिसे देखकर हत्या की आशंका जताई जा रही है। बताया गया कि, युवक कल हरेली त्योहार के दिन घर से निकला था और शुक्रवार 25 जुलाई को उसकी लाश मिली है।

## निधन

### प्रकाश विश्वकर्मा



**कोरबा।** पुरानी बस्ती दुरपा रोड निवासी प्रकाश विश्वकर्मा का शुक्रवार को निधन हो गया। वे टीवीएस तुलसी एजेंसी के कर्मचारी थे। वे अपने पीछे पत्नी, बच्चे सहित भरा-पूरा परिवार रोता-बिलखता छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार दुरपा रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान परिवार परिजन सहित गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

### अनुदान प्राप्त होने के कारण शिक्षा विभाग से जारी होता है वेतन

# आदर्श उच्चतर माध्यमिक स्कूल के शिक्षकों को दो माह का नहीं मिला वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको में संचालित अनुदान प्राप्त आदर्श उच्चतर माध्यमिक स्कूल के शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों को अप्रैल माह से वेतन नहीं मिला है। इसके लिए

**खास बात**

- जिला प्रशासन को लिखा गया है शिक्षण समिति के द्वारा पत्र

शिक्षण समिति के द्वारा जिला प्रशासन को पत्र प्रेषित कर शिक्षा विभाग से वेतन जारी कराने की मांग की है। अनुदान प्राप्त होने के कारण वेतन का अधिकार शिक्षा विभाग के पास है। समिति के सदस्यों ने विभाग के पास भी आवेदन दिया है।



फाइल फोटो

जिले में अनुदान प्राप्त स्कूलों के शिक्षकों को वेतन का अधिकार शिक्षा विभाग के पास मौजूद है। स्कूल के शिक्षण समिति के द्वारा वेतन संबंधी समस्त जानकारी शिक्षा विभाग में जमा करने के बाद वहां से प्रतिमाह वेतन शिक्षकों और कर्मचारियों के खाते में जमा किया जाता है। बालको में संचालित आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों को अप्रैल और मई माह का वेतन अब तक नहीं मिला है, जबकि शिक्षण समिति के अध्यक्ष के द्वारा वेतन संबंधी सारी कार्यवाही पूरी करते हुए इसके दस्तावेज शिक्षा विभाग में जमा कर दिए गए हैं। बावजूद शिक्षकों को वेतन जारी करने में हील हवाला बरती जा रही है। त्यौहारों और स्कूलों में प्रवेश लेने के कारण शिक्षकों को वेतन की महती आवश्यकता बनी हुई है। दो माह का वेतन नहीं मिलने से शिक्षक आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। स्कूल के प्रभारी प्राचार्य और शिक्षण समिति के अध्यक्ष के द्वारा शिक्षकों के वेतन दिलाने को लेकर कलेक्टर को पत्र प्रेषित किया है। जिसमें उन्होंने इस बात का उल्लेख किया है कि बालको शिक्षण समिति द्वारा संचालित अनुदान प्राप्त स्कूल के शिक्षक और कर्मचारियों को अप्रैल व मई का वेतन आज तक जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी नहीं किया गया है। उक्त संबंध में शिक्षण समिति द्वारा वेतन भुगतान हेतु समस्त दस्तावेज जमा किया गया है। उसके बाद भी बिना किसी लिखित कारण के वेतन का भुगतान नहीं किए जाने के कारण शिक्षक एवं कर्मचारी परिवारों को आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पत्र में शिक्षण समिति के अध्यक्ष ने उल्लेख किया है कि आर्थिक तंगी के कारण कोई परिवार या बच्चा आत्मघाती कदम उठाता है तो संपूर्ण जिम्मेदारी जिला शिक्षा अधिकारी की होगी।

## छात्रा से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। गुरुवार को 14 साल के नाबालिग ने एक 6वीं कक्षा की छात्रा के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। जब पुलिस और परिजन पीड़िता को मेडिकल के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, तो डॉक्टर इनकार कर दिया।

**खास बातें**

- अस्पताल में ड्यूटी में तैनात चिकित्सक ने मेडिकल जांच से किया इनकार
- देर रात 11.30 पर पीड़िता का हुआ मेडिकल जांच

हालांकि, अधिकारियों का फोन आया तो मेडिकल हुआ। यह मामला सीएसईबी चौकी क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, 14 साल के लड़के ने दो बार नालाबिग छात्रा से दुष्कर्म किया था। जब गुरुवार की शाम उसकी तबीयत बिगड़ी तो मामले का खुलासा हुआ और परिजन पीड़िता को लेकर थाने पहुंचे। उन्होंने शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद महिला-पुरुष पुलिसकर्मी और परिजन जांच के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे। जब डॉक्टर को घटना की जानकारी दी गई, तब ड्यूटी पर तैनात सीनियर महिला डॉक्टर ने मेडिकल जांच करने से इनकार कर दिया। इसके बाद पुलिस और परिजन पीड़िता को लेकर इधर-उधर भटकते रहे। आखिरकार रात लगभग 11:30 बजे पीड़िता का मेडिकल हुआ। सीएसपी भूषण एक्का ने बताया कि बालिका के साथ गलत होने की सूचना मिलने के बाद शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की गई है। इस मामले में अपचारी बालक को गिरफ्तार किया गया है। तबीयत बिगड़ी के बाद पर परिजनों ने इसकी शिकायत की थी।

**मेडिकल जांच में हुए देरी पर होगी कार्रवाई**

मेडिकल कॉलेज के सह अधीक्षक रविकांत जाटव ने बताया कि रात 10 बजे पुलिस विभाग से फोन आया था कि मेडिकल जांच नहीं हो रही है। उन्होंने संबंधित विभाग के अधीक्षक से बात की। मेडिकल जांच में हुए देरी के लिए जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## एसडीएम से शिकायत के बाद कटघोरा में अवैध मटन दुकानों पर गिरी गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा नगर पालिका परिषद द्वारा नगर में मटन एवं मछली दुकानों के लिए निर्धारित स्थान तय करने के बावजूद कुछ मटन व्यापारी नियमों की अनदेखी करते हुए नगर के विभिन्न वार्डों पुरानी बस्ती, जुराली और कसनिया में अपनी दुकानें संचालित कर रहे हैं। इससे न केवल नगर की सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है, बल्कि अन्य व्यापारी भी इससे असंतुष्ट हैं। इस मुद्दे को लेकर कई बार नगर पालिका परिषद में शिकायतें की जा चुकी हैं, मगर अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई थी। इससे आक्रोशित होकर आज मटन व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल कटघोरा एसडीएम रोहित सिंह से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपा।


एसडीएम से शिकायत करते व्यापारी।

व्यापारियों ने कहा कि कुछ चुनिंदा व्यापारी निर्धारित स्थल पर न जाकर नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं, जिससे व्यवसाय प्रभावित हो रहा है और बाजार व्यवस्था व वार्ड वासियों की भी बिगड़ रही है। शिकायत पर गंभीर रुख अपनाते हुए एसडीएम रोहित सिंह ने तत्परता दिखाई और नगर पालिका कर्मचारियों को निर्देश जारी किए कि गुरूवार की शाम तक वार्डों में संचालित सभी अवैध मटन दुकानों को सील किया जाए। साथ ही संबंधित व्यापारियों को समझाइश दी जाए कि वे अपनी दुकानें केवल निर्धारित स्थल पर ही संचालित करें। एसडीएम द्वारा लिए गए त्वरित निर्णय से वैध मटन व्यापारियों में संतोष का भाव देखा गया और उन्होंने प्रशासन का आभार जताया। अब नगर में मटन व मछली मार्केट को सुव्यवस्थित करने की दिशा में यह कदम मील का पत्थर साबित हो सकता है।

### सर्पदंश से मासूम की गई जान

**कोरबा।** रजगामार चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम मुढुनारा की है। यहां निवासरत रूप सिंह राठिया 6 वर्ष की पुत्री मोहनी राठिया बीती रात को अपने परिजनों के साथ जमीन पर सोयी हुई थी। इस दौरान देर रात लगभग 2 बजे करैत नामक जहरीले सर्प ने मोहनी को डस लिया और जब परिजनों को पता चला तो परिजन मोहनी को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया।

### करंट लगने से युवक की हुई मौत

**कोरबा।** उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भिलाईखुर्द में घटित हुई है। यहां निर्वरत दीपक यादव 21 वर्ष पिता रामलाल यादव खरमोरा बिजली बनाने गया हुआ था इस दौरान करंट प्रवाहित तार की चपेट में आ जाने से वह बुरी तरह से झुलस गया। आनन-फानन में वहां मौजूद लोगों ने दीपक यादव को उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचाया जहां इलाज के दौरान दीपक यादव की मौत हो गई। दोनों ही मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## कथित लव जिहाद को लेकर अपर कलेक्टर ने दिए जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पिछले तीन चार महीने से चल रहे कथित लव जिहाद मामले में गुरुवार को हिंदू जागरण मंच ने अपर कलेक्टर और विवाह अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। जिस पर एसपी को

**खास बातें**

- पुलिस करेगी डॉक्यूमेंट की इन्वेस्टिगेशन
- युवक-युवती ने शादी के लिए किया है आवेदन

धोखे से बनाए गए डॉक्यूमेंट की जांच के निर्देश दिए हैं। जानकारी के मुताबिक, कटघोरा निवासी तौसीफ मेमन और युवती ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 के तहत जिला विवाह अधिकारी के समक्ष विवाह के लिए आवेदन किया है। न्यायालय प्रक्रिया के तहत इश्तिहार पेश होने के बाद शादी के खिलाफ युवती की मां और राजपूत क्षत्रिय


अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए।

समाज के सदस्यों ने आपत्ति दर्ज कराई है। 24 वर्षीय तौसीफ मेमन पर आरोप है कि उसने युवती का नाम बिना किसी संवैधानिक प्रक्रिया के सोना मेमन लिखवाकर मैरिज सर्टिफिकेट अटैच किया है। यह कार्रवाई षड्यंत्र पूर्वक जालसाजी और धोखाधड़ी करते हुए प्रशासन और न्यायालय को गुमराह करने की कोशिश बताई जा रही है। आरोप यह भी है कि पीड़िता को डरा-धमकाकर और प्रलोभन देकर कलकत्ता (पश्चिम बंगाल) ले जाकर उस पर दबाव बनाया गया। इससे जबरदस्ती सहमति प्रदान करवाई गई थी, जिसे उच्च न्यायालय बिलासपुर में स्वीकार किया गया है। विभिन्न संगठनों का आरोप है कि यह न्यायालय और कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग कर रहा है। जिले के अपर कलेक्टर और विवाह अधिकारी ने जांच कर तत्काल रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया है।

## विद्युत कंपनी अध्यक्ष व फेडरेशन की बैठक शीघ्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी के अध्यक्ष डॉ.रोहित यादव से छत्तीसगढ़ विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन 1 के प्रतिनिधियों ने प्रांतीय महासचिव आर सी चेट्टी एवं प्रांतीय अध्यक्ष सुरेंद्र शुक्ला के नेतृत्व में 23 जुलाई को भेंट कर संगठन द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन पर शीघ्र बैठक रखे जाने हेतु आग्रह किया। कंपनी अध्यक्ष ने प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि संगठन को बैठक के लिए शीघ्र आमंत्रित किया जाएगा। महासचिव के परिचारक लाइन (संविदा) को नियमित करने के लिए शीघ्र निर्णय लिए जाने के अनुरोध पर उन्होंने बताया कि लाइन परिचारक (संविदा) के नियमितीकरण का कार्य बहुत तेजी से चल रहा है जिसकी घोषणा भी शीघ्र होगी।


चेयरमेन से चर्चा करते फेडरेशन के पदाधिकारी।

महासचिव आरसी चेट्टी ने बताया कि कंपनी के अध्यक्ष महोदय को प्रस्तुत ज्ञापन में फेडरेशन 1 ओर से कर्मचारी सेवा शर्तों, वरिष्ठता, पदोन्नति आदि मुद्दों में एकरूपता के लिए तीनों ही कंपनी के मानव संसाधन विभाग का एकीकरण करने एवं निदेशक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) के अधीन रखने का सुझाव दिया है। कर्मचारियों के कैरियर प्रोग्रेशन प्लानिंग के लिए उच्च स्तरीय समिति का गठन, विद्युत कंपनी में पुरानी पेंशन बहाली एवं 2004 पूर्व विज्ञापन आधार पर भर्ती 395 कर्मियों तथा 2004 पश्चात मृतक कार्मिक परिवार को केंद्र व राज्य शासन अनुरूप पुरानी पेंशन सुविधा, परिचारक लाइन (संविदा) का नियमितीकरण, पदोन्नति के रिक्त पदों पर शिथिलता आधार पर पदोन्नति, वर्ष 2020 में सीधी भर्ती से नियुक्त कार्यालय सहायक श्रेणी 3 की कार्यालय सहायक श्रेणी 2 पर पदोन्नति,डाटा एंट्री पद के योग्यताधारी भृत्य की सशर्त नियुक्ति आदि मुद्दे ज्ञापन में प्रस्तुत किया है। संगठन प्रतिनिधियों ने जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक संजीव कटियार से भी भेंट कर वरिष्ठ कार्यालय सहायकों की वरिष्ठता एवं पदोन्नति, तकनीकी कर्मचारी संयंत्र सहायक श्रेणी एक (मैकेनिकल) की जूनियर सुपरवाइजर पद पर पदोन्नति के मुद्दे रखे जिस पर प्रबंध निदेशक द्वारा मानव संसाधन विभाग को कार्यवाही के निर्देश दिए गए। बैठक में संगठन के महासचिव आरसी चेट्टी, प्रांतीय अध्यक्ष सुरेंद्र शुक्ला के साथ प्रांतीय प्रचार सचिव पवन दास, क्षेत्रीय सचिव रजनीकांत कुर्रे, नेहा शुक्ला, प्रतिभा राठौर, प्रदीप बघेल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## दस्तावेज में कूट रचना कर भूमि हड़पने की कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सीतामणी निवासी अमित जायसवाल ने उसके भूस्वामी की जमीन को कूट रचित दस्तावेज के सहारे शहर के एक व्यवसायी के द्वारा हड़पे जाने की शिकायत कलेक्टर से करते हुए मामले की जांच की मांग की गई है। शिकायतकर्ता ने तहसीलदार के स्टे जारी होने के बाद भी व्यवसायी के द्वारा बेधड़ जमीन में बांउड्रीवाल का निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

शिकायतकर्ता अमित जायसवाल ने बताया कि उनकी भूमि पटवारी हल्का 16 में खसरा नंबर 322/7 कुल रकबा 0.081 हेक्टेयर में स्थित है। जिसकी खरीदी उनके द्वारा कल्लू सिंह पिता रामनाथ सिंह द्वारा घासीराम से खसरा नंबर 316/2 में से 15 डिसमिल जमीन खरीदी गई थी इसके साथ ही उसकी चौहद्दी भी तैयार की गई। जिसमें उत्तर में रामलाल, दक्षिण में पदम सिंह, पूर्व में धरसा तथा पश्चिम में गुलशन की भूमि एवं साडा द्वारा प्रस्तावित सड़क है। उक्त भूमि को कल्लू सिंह के द्वारा बिक्रीनामा के माध्यम से वर्ष 2007 में चेतन चौधरी को रजिस्ट्री कर दी गई। उक्त भूमि में चेतन चौधरी द्वारा चौहद्दी में कूटरचना कर नये दस्तावेज बनाए गए और चौहद्दी को बदलकर उत्तर में गजानंद का मौहा गोदाम दक्षिण में तेजंदर सिंह की जमीन, पूर्व में बायपास मार्ग पश्चिम में अन्य कृषक की भूमि एवं तालाब बताने के साथ चेतन चौधरी के द्वारा नक्शा में हेर फेर करते हुए मुख्यमार्ग के पीछे के जमीन को मुख्यमार्ग में लकार निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसे रोकने के लिए तहसीलदार के द्वारा प्रार्थी के शिकायत पर स्थगन आदेश दिया गया है। उसके बावजूद चेतन चौधरी के द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है। शिकायतकर्ता ने चेतन चौधरी के द्वारा कूट रचित दस्तावेज बनाकर छल कपट करने मिलस नक्शे में हेरफेर कर मेरी भूमि हडपने की जालसाजी करने के संबंध में जॉच कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

### जनहित के विभिन्न कार्यों के लिए डीएमएफ से मिला 23 करोड़


**कोरबा।** जिले के विकास से जुड़े जनहित के कार्यों हेतु डीएमएफ मद से कुल राशि 23 करोड़ 27 लाख 581 रूपये की स्वीकृति प्रदान की है। स्वीकृत कार्यों में नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा के लिए जेम पोर्टल से बैक हो लोडर की खरीदी हेतु 33 लाख 90 हजार रूपये, बरबसपुर सीबीजी प्लांट हेतु नवीन प्रस्तावित स्थल पर प्रीकास्ट बाउंड्रीवाल तथा ब्रिकवर्क बाउंड्रीवाल सहित अन्य कार्य शामिल हैं।

## नपा की बदहाल व्यवस्था को लेकर उद्योग मंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा नगर पालिका परिषद में फैली अव्यवस्था, भ्रष्टाचार और बुनियादी सुविधाओं के अभाव को लेकर भाजपा मंडल ने उद्योग व श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान भाजपा मंडल ने कांग्रेस अध्यक्ष नगर पालिका परिषद की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए और नगर में व्याप्त समस्याओं को लेकर त्वरित कार्रवाई की मांग की।

भाजपा मंडल द्वारा सौंपे गए पत्र में उल्लेख किया गया कि नगर में जल आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। आए दिन पानी की सप्लाई बाधित रहती है और जो पानी आता है, वह गंदा और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है। इसके अलावा, राधा सागर तालाब में आपराधिक तत्वों द्वारा मछली व कछुओं को मारने की



घटनाएं सामने आई हैं, जिन पर कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। नगर की सड़कों पर आवारा मवेशियों की भरमार, ट्रैफिक और सुरक्षा के लिए खतरा बन गई है लेकिन नगर पालिका प्रशासन की ओर से इन्हां नियंत्रित करने की कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई है। डीएमएफ मद से कराए जा रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और लागत को लेकर नागरिकों में असंतोष है। भाजपा ने मांग की है कि इन निर्माण कार्यों का भौतिक सत्यापन सक्षम अधिकारियों द्वारा कराया जाए। स्ट्रीट लाइट की बदहाली भी एक बड़ी समस्या बन चुकी है। बस स्टैण्ड, तहसील परिसर और मुख्य डिवाइडरों पर हैलोजन लाइटों की भारी कमी के कारण रात में दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। वहीं बस स्टैंड परिसर में शौचालय की स्थिति भी अत्यंत दयनीय है, जिससे यात्रियों खासकर महिलाओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। भाजपा मंडल ने मंत्री देवांगन से आग्रह किया है कि नगर पालिका कटघोरा में शहरी सुविधाओं पर नियंत्रण और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक विशेष सक्षम अधिकारी की नियुक्ति की जाए।


## कोरबा मार्केट





### शपथ-पत्र

मैं अमृता मिलन उम्र लगभग 42 वर्ष पिता वेदराम निवासी मैगजीन रोड़ वार्ड नं. 6 वॉटर टैक मैगजीन मैदान के पास, मैगजीन ग्राउंड पौन सारा बांकी मोंगरा जिला कोरबा (छ0ग0) 495447 की होकर निम्न आशय का कथन शपथपूर्वक करती हूँ

1. यह कि, मैं उपरोक्त पते पर निवास करती हूँ मेरा आधार नं. 3333 5428 6233 है।
2. यह कि, मेरे आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम अमृता मिलन दर्ज है।
3. यह कि, मेरे अंकसूची में मेरा नाम अमृता कुमारी AMRITA KUMARI दर्ज है।
4. यह कि, अमृता मिलन AMRITA MILAN व अमृता कुमारी AMRITA KUMARI दोनों नाम एक ही महिला है अर्थात मेरा ही नाम है एवं मुझे अमृता मिलन AMRITA MILAN इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।
5. यह कि, उक्त दोनों नाम एक ही महिला के नाम होने के संबंध में किसी प्रकार की विवाद की स्थिति होने पर सम्पूर्ण जवाबदारी मेरी स्वयं की होगी।
6. यह कि, यह शपथ पत्र दोनों नाम एक महिला होने के समर्थन में निष्पादित किया गया है, संबंधित विभाग/ कार्यालय संस्था में प्रस्तुत करना है।

**शपथकर्ता**
**अमृता मिलन**
**AMRITA MILAN**

### आम ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम जनता एवं संबंधितों को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती रामेश्वरी वैष्णव, पति- रामेश्वर दास वैष्णव निवासी मकान क्रमांक 136, वार्ड क्रमांक 22 रवि डेयरी के पीछे नया काशीनगर कोरबा जिला कोरबा (छ.ग.) की स्वामित्व का मकान क्रमांक 136, वार्ड क्रमांक 22, रवि डेयरी के पीछे नया काशीनगर कोरबा जिला कोरबा (छ.ग.) स्थित है। जिसे मेरी पक्षकारा के मायके वालों के द्वारा क्रय करके दिया गया है किंतु बिक्रीनामा के दौरान उसके पति के द्वारा चतुराईपूर्वक अपना नाम भी संयुक्त रुप से दर्ज करा लिया गया है।

वर्तमान में मेरी पक्षकारा एवं उसके पुत्र पुत्री को रामेश्वर दास वैष्णव के द्वारा परित्याग कर दिया गया है। जिस वजह से मेरी पक्षकारा अपने पुत्र पुत्री के साथ रायपुर में निवासरत है।

वर्तमान में मेरी पक्षकारा को ज्ञात हुआ है कि मेरी पक्षकारा के उक्त मकान में रखे मेरी पक्षकारा के सामानों को रामेश्वर दास वैष्णव के द्वारा बिक्री किया जा रहा है तथा मेरी पक्षकारा के उक्त मकान क्रमांक 136 वार्ड क्रमांक 22 नया काशीनगर कोरबा को भी बिक्री करने का प्रयास कर रहा है। मेरी पक्षकारा को आशंका है कि वह बिक्रीनामा में उसका फर्जी दस्तखत कर उक्त संपत्ति को बिक्री करने का गंभीर अपराधिक कृत्य भी कर सकता है अथवा उक्त मकान को अपने अकेले के नाम पर दर्ज कराने हेतु अपराधिक कृत्य कारित कर सकता है। जिस पर मेरी पक्षकारा की आपत्ति है।

अतः आम ईश्तहार के माध्यम से आप सहित आप सभी अवगत होवें कि कोई भी व्यक्ति या संस्था मेरी पक्षकारा के उपस्थिति एवं लिखित सहमति के बगैर उक्त संपत्ति को क्रय ना करें और ना ही मेरी पक्षकारा के उपस्थिति एवं लिखित सहमति के बिना उक्त संपत्ति का स्वामित्व नामांतरण कराने का प्रयास ना करें ना ही उक्त संपत्ति का उपभोग करने का प्रयास करें। मेरी पक्षकारा के पति के द्वारा ऐसा कोई कृत्य या प्रयास किए जाने पर उसके संबंध में मेरे कार्यालय पुराना बस स्टेंड कोरबा में कार्यालयीन समय प्रातः 9 बजे से 11 बजे एवं सायं 6 बजे से 9 बजे तक सप्रमाण उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा मेरी पक्षकारा के द्वारा उक्त व्यक्ति या संस्था के विरुद्ध एवं उक्त कृत्य के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध अपराधिक प्रकरण दर्ज कराया जाएगा तथा अन्य विधिक प्रावधानों का सहयोग लिया जाएगा जिसके समस्त हर्जे खर्चे की जिम्मेदारी संबंधितों की होगी।

भवदीय
**श्यामल मल्लिक**
अधिवक्ता
मोबाइल-7566150000

## खबर संक्षेप

### छग चेंबर ऑफ कामर्स की कार्यकारिणी गठित



**कोरबा।** छग चेंबर ऑफ कामर्स एडं इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थोरानी एवं कार्यकारी अध्यक्ष कमल सोनी की सहमति से कोरबा इकाई की नई कार्यकारिणी का गठन जिला अध्यक्ष संतोष कुमार अग्रवालके द्वारा की गई है। कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित संरक्षक लखनलाल देवांगन, कंवर लाल मनवानी, संरक्षक श्रीकांत बुधिया, अशोक मोदी, राजेंद्र अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, श्यामसुंदर सोनी, कार्यकारी अध्यक्ष परसराम रमानी, महामंत्री गजानंद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नितिन गुप्ता, सह कोषाध्यक्ष सुरेश चावलानी, उपाध्यक्ष संजय बुधिया, गौरी शंकर अग्रवाल, नितिश डालमिया, पवन अग्रवाल, परमानंद अग्रवाल, जनरल सिंह, रवि लालवानी, कैलाश टाक, रोहित असरानी, प्रेमचंद, रामचंदानी, सुभाष अग्रवाल, तुलसी राजपूत, घनश्याम अग्रवाल, इसी तरह मंत्री में मनीष अग्रवाल, दीपक मित्तल, अखिलेश गोयल, यश भट्त, नरेश वर्मा एवं दिनेश सोनी शामिल हैं। कार्यकारिणी सदस्यों में जयंत अग्रवाल, जितेंद्र अग्रवाल, प्रियंक गोयल, मोहन नागवानी, टेकचंद रमानी, मुकेश कसेर, शरद खुल्लर, दिनेश अग्रवाल को शामिल किया गया है।

### जंगल से निकलकर गांव में पहुंच रहे सियार

**कोरबा।** कटघोरा वनमंडल अंतर्गत आने वाले जटगा और केंदई रेंज के जंगल से निकलकर आसपास के गांव में सियार आतंक मचा रहे हैं। 4 से 5 की संख्या में सियार दिनदहाड़े और रात के वक्त बच्चों से लेकर बड़े और जानवरों तक को अपना निशाना बना रहे हैं। सियारों ने एक हफ्ते से आतंक मचा रखा है और कई लोग इससे प्रभावित हो चुके हैं लेकिन सूचना देने के बाद भी वन विभाग के कर्मचारियों का रवैया उदासीन बना रहता है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि सियार वैसे तो करीब एक महीने से परेशान कर रहे हैं लेकिन पिछले एक हफ्ते से इनका आतंक कुछ ज्यादा ही बढ़ गया है। ग्राम हड़मोड़ में सियार ने घर के बाहर खेल रहे 3 साल के मासूम बच्चे को दिनदहाड़े काट लिया। तीन दिन पहले ही शाम के वक्त ग्राम कोटवार शंकर को सियार ने तब काट लिया जब वह शोर मचने पर अपने घर के दरवाजे पर आकर खड़ा था। एक ग्रामीण ने बताया कि वन कर्मियों को जानकारी दी गई थी कि सियार आतंक मचा रहे हैं और 3 साल के बच्चे को भी काट लिया है। ग्राम हड़मोड़ के अलावा देवमट्टी, आमाटिकरा जटगा आदि आसपास के गांव में सियारों की दहशत है।

### सेजस मदनपुर में धूमधाम से मनाया गया लोकपर्व हरेली



**कटघोरा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय मदनपुर में हरेली पर्व पर कृषियंत्रों की पूजा अर्चना की गई। प्रभारी प्राचार्य विनोद जायसवाल ने छात्र-छात्राओं को बताया कि प्रकृति प्रेम की सीख दी। हरेली पर्व को अन्नदाता किसानों को समर्पित करते हुए आर्थिक विकास में पशुओं के योगदान को बताया। कुमुदिनी राम, कमलेश्वरी साहू, सितारा अग्रवाल ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान छात्र छात्राओं को नीम की पत्ती के प्रयोग के पीछे छुपे वैज्ञानिक कारणों को समझाया। कक्षा 10वीं की छात्रा तनीषा ने प्रातः गौधन को नमक खिलाने, खेतों में नीम और भेलवा के डंगाल से धान के पौधे पर कीटों के प्रभाव के रोकथाम हेतु कारगर बताया। गेंड़ी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गेंड़ी दौड़ में बालक वर्ग से लोकेश प्रथम, प्रशांत द्वितीय एवं अजीत तृतीय बालिका वर्ग से तनीषा प्रथम, तनीषा द्वितीय एवं कविता तृतीय स्थान पर रहे। स्टाफ और छात्र-छात्राओं ने मिलकर पौधों का रोपण किया।

#### पिछले वर्ष घोषणा की गई थी समितियों में च्वाइस सेंटर संचालन की

# सहकारी समिति हुई ऑनलाइन, च्वाइस सेंटर शुरु करने ऑपरेटर भर्ती की दरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दो वर्ष की तकनीकी कार्यों को अंजाम देते हुए जिले के सभी 41 सहकारी समितियों को ऑनलाइन किए जाने के बाद अभी भी कुछ समितियों में च्वाईस सेंटर का संचालन डाटा एंट्री ऑपरेटर की भर्ती नहीं होने से शुरु नहीं हो सका है। पिछले वर्ष शासन के द्वारा सभी समितियों में च्वाईस सेंटर शुरु करने की घोषणा की गई थी।

**खास बात**

- दो वर्ष से चल रहा था समितियों के ऑनलाइन करने का कार्य

सहकारी समितियों के रिकार्ड को ऑनलाइन करने धान खरीदी में होने वाली गड़बड़ी को रोकने के लिए सभी सहकारी समितियों को ऑनलाइन करने का कार्य वर्ष 2023 में शुरु किया गया था जो इस वर्ष पूरा हो चुका है और सभी रिकार्ड ऑनलाइन होने के बाद किसानों के सुविधा के लिए राज्य शासन के द्वारा सहकारी समितियों में ही च्वाईस सेंटर शुरु करने की घोषणा की गई थी। उस घोषणा पर अमल करते हुए कुछ बड़ी समितियों में इसकी शुरुआत तो कर दी गई लेकिन अभी भी कुछ समितियां ऐसी है जिनकी संख्या 20 के लगभग हैं। इन समितियों में च्वाईस सेंटर शुरु नहीं हो सके हैं। धान खरीदी के साथ पीडीएस के संचालन एवं धान बीज के रिकार्ड अपडेट करने के लिए एक ही डाटा एंट्री पदस्थ है। जिसकी वजह से च्वाईस सेंटर का काम नहीं हो पाता। जबकि च्वाईस सेंटर के संचालन के लिए सभी समितियों में अलग से डाटा एंट्री भर्ती करने के लिए जरुरत सहकारिता विभाग ने जताई है। विभाग की मानें तो समितियों में पहले की तुलना में काम ज्यादा होने के कारण तकनीकी कर्मचारियों की जरुरत पड़ रही है। डाटा एंट्री ऑपरेटर की व्यवस्था होने के बाद ही च्वाईस सेंटर का सही रुप से संचालन शुरु हो सकेगा।




**गांव में है दक्ष शिक्षित बेरोजगार**

ग्रामीण अंचलों में तकनीकी रुप से दक्ष शिक्षित बेरोजगार मौजूद हैं। जिनकी अस्थायी रुप से भर्ती कर च्वाईस सेंटर शुरु किया जा सकता है। इसके लिए सहकारी समितियों के संचालन मंडल के प्रस्ताव की जरुरत होती है। 20 समितियां ऐसी है जिनमें संचालक मंडल तो बना है किंतु अध्यक्ष मनोनयन नहीं होने से कर्मचारी रखने के संबंध में विभाग के प्राधिकृत अधिकारी के रुप निर्भर रहना पड़ता है। इसके लिए कोई पहल नहीं की जाती। यही कारण है कि एक ऑपरेटर के भरोसे ढाई महीने की धान खरीदी, धान बीज के भंडारण के साथ केसीसी बनाने का काम होता है। जिसकी वजह से च्वाईस सेंटर की सुविधा किसानों को नहीं मिल पा रही है।

**इन बड़ी समितियों में मिल रही सुविधा**

च्वाईस सेंटर जैसी सुविधा महज चुनिंदा बड़ी सहकारी समितियों में मिल रही है। भैसमा, रामपुर के अलावा छुरी, सुखरीकला, फरसवानी, पाली, पोड़ी उपरोड़ा जैसे ब्लॉक मुख्यालय में संचालित सहकारी समितियों में ही च्वाईस सेंटर जैसी सुविधाएं किसानों को मिल पा रही है। वह सुविधा भी एक ऑपरेटर के भरोसे चलने के कारण कई बार च्वाईस सेंटर का काम बंद होने की स्थिति में आ जाता है। समितियों में ही च्वाईस सेंटर शुरु होने से ग्रामीण अंचलों के स्कूल के छात्र छात्राओं को सुविधा मिल गई है।

## ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत



घटना स्थल पर लगी लोगों की भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार दो युवकों को अपनी चपेट में ले लिया जिससे बाइक सवार दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना पर आसपास के लोग भारी संख्या में मौके पर जा धमके। जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को उठाने से इनकार कर दिया और चक्काजाम शुरु कर दिया। पुलिस दुर्घकारित वाहन चालक की तलाश में जुटी हुई है।

मामला उरगा थाना क्षेत्र के सेमीपाली के समीप देर रात घटित हुई है। बताया जाता है कि एक तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने तेजी व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को अपनी चपेट में ले लिया जिससे बाइक सवार पुरुषोत्तम पटेल उम्र 35 वर्ष व अयोध्या पटेल उम्र 20 वर्ष निवासी बरीडीह की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के होते ही मौके पर लोगों की भारी भीड़ एकत्रित हो गई और आक्रोशित ग्रामीणों ने घटना स्थल से शव को उठाने से इनकार कर दिया। आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को रखकर चक्काजाम शुरु कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आक्रोशित ग्रामीणों को समझाइश का प्रयास किया। ज्ञात रहे कि एक दिन पहले ही कटघोरा-अंबिकापुर मुख्य मार्ग में एक तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए विंगर वाहन को अपनी चपेट में ले लिया था जिससे दो शिक्षिकाओं की मौत हो गई थी और आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए थे।

## ठेका श्रमिकों ने साइलो में रोका कोल रेक एनटीपीसी में सात घंटे कोयला आपूर्ति बाधित



कोल रेक रोकने के दौरान धरना प्रदर्शन करते ठेका श्रमिक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आश्वासन के बाद भी मांगों को पूरा नहीं करने से आक्रोशित हेम्स कंपनी में कार्यरत ठेका श्रमिकों ने एसईसीएल दीपका खदान के सायलो में रेक को रोक दिया। श्रमिकों के आंदोलन की वजह से लगभग 7 घंटे तक दीपका से एनटीपीसी को की जाने वाली कोयला आपूर्ति बाधित रही। ठेका श्रमिकों ने आरोप लगया है कि एसईसीएल प्रबंधन व हेम्स कंपनी ने पूर्व में बैठक के दौरान मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया था, बावजूद अब तक मांगों को पूरा नहीं किया गया है। यही वजह है कि मजबूरी में रेक रोकना पड़ा है।

उल्लेखनीय है कि एसईसीएल दीपका खदान में कार्यरत हेम्स कंपनी के ठेका श्रमिकों ने शुक्रवार की सुबह 8 बजे सायलो में लोड होने वाले रेक को रोक दिया है, जिससे एनटीपीसी जाने वाली रेलवे रेक दोपहर 3 बजे से लगभग 7 घंटे तक बाधित रहा। एसईसीएल प्रबंधन व हेम्स कंपनी द्वारा मांगों को लेकर सहमति जताने के बाद भी उसे पूरा नहीं करने से आक्रोशित ठेका श्रमिकों ने आखिरकार कंपनी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। ठेका श्रमिकों ने बताया है कि हेम्स एण्ड जेएमएटीसी एसोसिएट नामक निजी कम्पनी व एसईसीएल दीपका प्रबंधन के साथ ठेका श्रमिकों की 5 जून को त्रिपक्षीय वार्ता आयोजित की गई थी। त्रिपक्षीय वार्ता में चर्चा के दौरान एसईसीएल प्रबंधन व हेम्स कंपनी ने दस दिनों के भीतर मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया था। बावजूद इसके डेढ़ माह गुजरने के बाद भी हेम्स एण्ड जेएमएटीसी एसोसिएट ठेका कम्पनी के द्वारा मजदूरों को गुमराह किया जा रहा है। कंपनी ने अब तक किसी भी मांग को पूरा नहीं किया है। यही वजह है कि आक्रोशित ठेका श्रमिकों ने अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल की सूचना महाप्रबंधक को दी गई थी। आंदोलनरत सभी ठेका श्रमिक दीपका खदान के साइलो एवं सीएचपी में कार्य पर नियोजित हैं। इनके 7 सूत्रीय मांगों के संबंध में एसईसीएल दीपका प्रबंधन द्वारा 5 जून को मांगों को पूरा करने का निर्देश दिया गया था। 14 पुराने मजदूरों को कार्य पर अब तक नहीं रखा गया है। इसके अलावा महीने में 4 छुट्टी एवं उसके पेमेन्ट के साथ राष्ट्रीय छुट्टी का डबल पेमेंट, 26 ड्यूटी करने पर 30 दिनों का पेमेंट, 30 दिन काम करने पर 34 दिन का पेमेंट दिए जाने, समान काम पर समान वेतन दिए जाने, सभी मजदूरों को मेडिकल सुविधा के लिए ईएसआईसी कार्ड बनाने की मांगों को लेकर मोर्चा खोल दिया है। ठेका श्रमिकों ने आरोप लगाया है कि हड़ताल का पत्र देने के बाद कंपनी द्वारा 2 महीने का पीएफ भी मजदूरों के खाते में जमा नहीं किया गया है। पिछले माह का वेतन मिल जाने के पश्चात भी हाजरी कार्ड एवं वेतन पर्ची नहीं दिया गया है। मजदूरों को जबकि मिनटस कॉपी में देने के लिए निर्देशित किया गया था और सभी मांगों को पूरा किये जाने के लिए फैसला लिया गया था, मगर ऐसा कुछ भी नहीं हुआ है। यही वजह है कि आक्रोशित ठेका मजदूरों ने आंदोलन शुरू कर दिया है।

**खास बातें**

- एसईसीएल दीपका खदान के हेम्स कंपनी में कार्यरत ठेका श्रमिकों का मामला
- आश्वासन के बाद भी मांगों को पूरा नहीं करने से आक्रोशित ठेका श्रमिकों ने खोला मोर्चा

## रात्रि में मोबाइल दुकान का ताला तोड़कर चोरी, 3 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**अकलतरा ।** रात्रि में मोबाईल दुकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाले 3 आरोपियो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं उनके कब्जे से 26 हजार रुपए कीमती मोबाइल जब्त किया गया है। मामला अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम कटघरी का है।

इस संबंध में अकलतरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कटघरी निवासी लक्ष्मी प्रसाद मार्बल ने बताया कि वह कटघरी में मोबाइल व इलेक्ट्रानिक दुकान का संचालन करता है। इसी दौरान बुधवार 23 जुलाई की रात्रि में दुकान का शटर का ताला तोड़कर टेबलेट, लैपटॉप रिपेयरिंग के लिए रखे 2 नग मोबाइल, हेडफोन कुल जुमला कीमती 26 हजार सौ रूपए को अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर ले गया है। सूचना रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 337/25 धारा 331(4),305(ए) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया है। मामले को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में एवं अतरिक्त पुलिस अधीक्षक जांजगीर उमेश कश्यप व एसडीओपी प्रदीप सोरी के मार्गदर्शन में प्रकरण के आरोपी एवं माल मशरूका की पतासाजी हेतु थाना स्तर पर टीम गठित की गई। विवेचना दौरान पता चला कि आरोपी जयशंकर ओग्रे, आदित्य यादव उर्फ लालू यादव एंव अमित यादव निवासी कटघरी थाना अकलतरा को घटना दिनांक को रात्रि में दुकान के आस पास देखा गया था। तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर रात्रि में दुकान के शटर का ताला चोरी करना जुर्म स्वीकार किए जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्रवाई अकलतरा पुलिस स्टाफ का योगदान रहा।




### लाल मैदान में हरेली पर्व पर आयोजित हुए विभिन्न प्रतियोगिता

**बालको।** सार्वजनिक हरेली आयोजन समिति के तत्वावधान में बालको नगर के रामलीला मैदान में हरेली तिहार मनाया गया। खेती-किसानी और हरियाली की भावना से जुड़ा यह पर्व समस्त नगरवासियों के लिए उत्सव और संस्कृति का जीवंत चित्रण बना।







